AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : 47 केंद्रों पर होंगी यूजी की सेमेस्टर परीक्षाएं

विवि प्रशासन ने जारी की केंद्रों की विस्तृत जानकारी, 25 से एग्जाम

माई सिटी रिपोर्टर



लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी। -संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीएससी होम साइंस व बीकॉम तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू हो रही हैं। यह परीक्षाएं राजधानी में 47 केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। विवि प्रशासन ने शनिवार को परीक्षा केंद्रों व उन केंद्रों पर जिन कॉलेजों की परीक्षाएं होनी हैं, उसकी विस्तृत जानकारी जारी की। इसे विवि की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार, स्नातक सेमेस्टर परीक्षा के लिए लविवि, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, डीएवी पीजी कॉलेज, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कॉलेज, जेएनपीजी, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, विद्यांत हिंदू डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कॉलेज, सरदार भगत सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, खुनखुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मुमताज डिग्री कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, महाराजा बिजली पासी गवर्नमेंट कॉलेज, महिला महाविद्यालय को केंद्र बनाया गया है।

साथ ही सीबी गुप्ता एग्रीकल्चर डिग्री कॉलेज, आईटी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अटल बिहारी बाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज, नारी शिक्षा निकेतन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गर्ल्स डिग्री कॉलेज, शशि भूषण गर्ल्स डिग्री कॉलेज, श्री महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज, लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय, आदर्श सत्येंद्र महाविद्यालय, भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, कैरियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज को भी केंद्र बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि चरक इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, लखनऊ डिग्री कॉलेज, रजत पीजी कॉलेज, रामा डिग्री कॉलेज, श्रीगुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अर्जुनगंज विद्या मंदिर, अमीरुद्दौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज, एसकेडी एकेडमी, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, ज्ञानोदय डिग्री कॉलेज, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हॉयर स्टडीज, वासुदेव डिग्री कॉलेज, सीडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, डीएसएन महिला महाविद्यालय को भी स्नातक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

एमबीए आईएमएस की परीक्षाएं 25 से

लविवि न्यू कैंपस स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के एमबीए फाइनेंस, एमबीए आईबी, एमबीए एचआर, एमबीए मार्केटिंग का विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार उक्त कोर्सों के पहले सेमेस्टर ओल्ड कोर्स (बैक पेपर, छूटे छात्रों) की परीक्षा 25 से 11 मार्च तक दोपहर 2 से 5 बजे तक होंगी। उक्त कोर्सों की नियमित, बैक पेपर व छूटे छात्रों के न्यू कोर्स की परीक्षा 25 फरवरी से 14 मार्च तक आयोजित होंगी।

प्रो. अरविंद मोहन को डीन आर्ट का चार्ज

लविवि में डीन आर्ट प्रो. शशि शुक्ला शनिवार को सेवानिवृत्त हो गईं। उनके स्थान पर प्रो. प्रेम सुमन शर्मा को डीन आर्ट बनाया गया है। किंतु वह भी हाल में अवकाश पर चल रही हैं। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रो. अरविंद मोहन को डीन आर्ट का चार्ज दिया है। उन्होंने प्रो. शुक्ला से कार्यभार लिया है। वहीं प्रो. शर्मा के छुट्टी से लौटने पर वह डीन आर्ट का कामकाज पूरी तरह से देखेंगी।

न्यू कैंपस में छात्रावास-लाइब्रेरी की समस्या

लखनऊ। लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को कॉफी विथ वीसी के तीसरे चरण में विधि संकाय के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। इसमें विद्यार्थियों ने छात्रावास की समस्या, लाइब्रेरी की दिक्कत व मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि न्यू कैंपस उपेक्षा का शिकार है। प्रो. राय ने कहा कि इस तरह की कवायद शैक्षणिक संस्थान के लिए सही मिश्रण बनाने में सहयोगी होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 10

47 केन्द्रों पर स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षा

एलयू

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त कॉलेजों में कोविड संक्रमण के कारण स्थगित हुई स्नातक के विषम सेमेस्टर (तीसरे, पांचवें) की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होनी हैं। इनके लिए परीक्षा केन्द्र तय कर दिए हैं। एलयू समेत शहर के सभी कॉलेजों में बने इन केन्द्रों की संख्या 47 है। केन्द्रों की पूरी सूची लविवि की वेबसाइट www. lkouniv. ac. in पर उपलब्ध है।

बता दें कि बीती आठ फरवरी को स्नातक परीक्षाओं का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया गया था। यह परीक्षा कार्यक्रम भी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यूजी की ये स्थगित की गई सेमेस्टर परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होकर आठ अप्रैल तक चलेंगी। जारी किए गए परीक्षा कार्यक्रम में सबसे लम्बे समय यानी 08 अप्रैल तक बीए पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। वहीं बीए सेमेस्टर तीन की परीक्षाएं 28 मार्च तक चलेंगी। बीकॉम की परीक्षाएं 14 मार्च तक, बीएससी की 2 अप्रैल तक होंगी। तीसरे सेमेस्टर के लिए सुबह की पाली (सुबह 9 से दोपहर 12) और पांचवे सेमेस्टर के लिए दोपहर की पाली (दोपहर 2 से शाम 5) का समय निर्धारित किया गया है।

स्नातक परीक्षाओं के केन्द्रः एलयू परिसर, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, डीएवी पीजी कॉलेज, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कॉलेज, जेएनपीजी कॉलेज, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज आदि है।

पीजी तीसरे सेमेस्टर के नतीजे जल्द

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीती 17 फरवरी से पीजी के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हुई थीं और अब इनके नतीजे भी समय से घोषित करने के लिए विवि के परीक्षा विभाग ने जरूरी तैयारियां कर ली हैं। जानकारी के अनुसार जैसे-जैसे परीक्षाएं होती रहेंगी, कॉपियां चेक करने का काम भी होता रहेगा और संभवतः सोमवार से मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू भी हो जाएगी।

यह है कार्यक्रम

- पांचवां सेमेस्टरः 26 फरवरी- इंट्रोडक्शन टू प्लांट बायोटेक्नोलॉजी, 02 मार्च-प्रिंसिपल ऑफ फूड साइंस एंड ह्यूमन न्यूट्रिशन, 05 मार्च-पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट ऑफ फ्रूट्स एंड वेजीटेबिल्स, 09 मार्च- क्रॉप्स पेस्ट्स एंड इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट, 11 मार्च-प्लांट पैथोलॉजीः क्रॉप डिजीज एंड देयर मैनेजमेंट, 14 मार्च-वीड मैनेजमेंट, 21 मार्च-स्वाएल फर्टिलिटी, फर्टीलाइजर्स एंड इंटीग्रेटेड न्यूट्रिशन मैनेजमेंट।

बीएससी एग्री. की परीक्षाएं 26 से

एलयू में बीएससी (एग्रीकल्चर) ऑनर्स पांचवें और सातवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 फरवरी से शुरू होंगी। पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और सातवें सेमेस्टर की परीक्षा दो से शाम पांच बजे तक होगी।

एमबीए फर्स्ट सेमेस्टर के बैकपेपर 25 से

लखनऊ। एलयू के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस के विषम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं (बैकपेपर व एक्जम्टेड परीक्षाएं) 25 फरवरी से होंगी। इनमें एमबीए (एफएंडसी, एमबीएआईबी, एमबीए एचआरएंडआईआर, एमबीए मार्केटिंग) पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 व 28 फरवरी को और 02, 04, 05, 08, 09, 10 व 11 मार्च को दोपहर 2 से शाम 5 बजे की पाली में होंगी। वहीं एमबीए (एफएंडसी, एमबीएएचआर, एमबीए मार्केटिंग) के पहले सेमेस्टर की रेगुलर, बैकपेपर व एक्जम्टेड परीक्षाएं 25 व 28 फरवरी को और 04, 08, 10, 12 व 14 मार्च को दूसरी पाली में कराई जाएंगी।

विधि छात्रों से मिले कुलपति

लखनऊ। लखनऊ विवि में 'कॉफी विद वीसी' श्रृंखला के तहत कुलपति प्रो. आलोक राय ने विधि संकाय के छात्र-छात्राओं से मुलाकात की।

कुलपति ने छात्रों से संवाद स्थापित कर नवीन परिसर स्थित विधि संकाय और मुख्य परिसर के बीच अधिक सहयोग करने वाले प्रयासों का पता लगाया। अन्य मुद्दों में पुस्तकालय को सुदृढ़ किए जाने, नवीन परिसर और मुख्य परिसर के बीच एक मजबूत सम्बंध स्थापित करने पर जोर दिया गया। कुलपति ने कानून के छात्रों को सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए मुख्य परिसर के कार्यक्रमों मे सक्रिय भागीदारी के लिए आमंत्रित किया। विधि संकाय के छात्रों में पीएचडी से इंद्र दमन तिवारी और प्रतीक त्रिपाठी व एलएलबी ऑनर्स से प्रिया चौधरी, अमृत सिंह, आयुषी गुप्ता शामिल हुए।

NBT PAGE 10

एलयू में मराठी समाज ने मनाया शिवाजी का जन्मोत्सव

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का सम्मान हुआ। वहीं, लोगों ने सेल्फी ली।

■ **एनबीटी, लखनऊ :** एलयू में मराठी समाज की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने कहा कि 17वीं शताब्दी में शिवाजी ने जो काम किया वह ऐतिहासिक रहा। उन्होंने हिन्दुवी साम्राज्य की स्थापना की। प्रमुख सचिव ने लोगों से शिवाजी के आदर्शों को अपनाने की अपील की। इससे पहले विवि परिसर में अश्व पर स्थापित शिवाजी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलयू के कुलपति आलोक राय ने की। इस मौके पर भाजपा नेता श्याम जाजू ने कहा कि शिवाजी का न्याय, धर्म नीति और स्वराज से प्रेरित आदर्श जीवन सभी को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर मराठी समाज के संस्थापक उमेश कुमार पाटिल ने अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अनुराग रस्तोगी, प्रो. विश्वनाथ मिश्रा व गजानन पाटिल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

JAGRAN CITY PAGE I & III

प्रत्येक युवा पांच लोगों को मतदान के लिए करे प्रेरित

लवि और नेशनल कालेज में हुआ कार्यक्रम, रैली, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर सहित कई माध्यम से लोगों को किया जागरूक

लवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने मतदाता जागरूकता रैली को झंडी दिखाई ● जागरण

जासं, लखनऊ : युवाशक्ति के तीन काम, शिक्षा सेवा और मतदान... और मेरा वोट, मेरी पहचान... के संदेश के साथ मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय एवं नेशनल पीजी कालेजों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। दोनों कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान, पोस्टर, स्लोगन, भाषण सहित कई प्रतियोगिताएं भी हुईं।

एनएसएस के माध्यम से विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि जागरूक युवाओं से ही सशक्त लोकतंत्र का निर्माण संभव है। इसलिए अपने आसपास के जन समुदाय को मतदान के लिए प्रेरित कर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक युवा पांच लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा।

इन्हें मिला पुरस्कार : लवि में पोस्टर सृजन प्रतियोगिता में अमन, दक्ष, स्नेहा, तनु, स्लोगन लेखन में स्नेहा, मिताली वर्मा, वैशाली वर्मा, अंशिमा को पुरस्कार मिला। भाषण प्रतियोगिता में शिवांशी मिश्रा, सुभाष चन्द्र और कविता मिश्रा को एवं प्रश्नोत्तरी में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

नेशनल पीजी कालेज : मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय उपस्थित थे। उन्होंने भी रैली में शामिल होकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पीछे बनी बस्ती में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने छात्रों से कहा कि वह आस पास के कम से कम पांच घरों से लोगों को वोट डालने के लिए ले जाएं। कार्यक्रम में मानव श्रृंखला बनाकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

47 केंद्रों पर होंगी स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

25 से होने वाली परीक्षा के लिए वेबसाइट पर अपलोड की गई सूची आज जारी होंगे विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र

कालीचरण पीजी कालेज में परास्नातक की परीक्षा में चेकिंग करते चीफ प्राक्टर डॉ. डीसी त्रिपाठी ● सौजन्य : कालेज

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 25 फरवरी से शुरू होने वाली स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए शनिवार को केंद्रों का निर्धारण कर दिया। बीए, बी.एस-सी, बी.कॉम और बी.एस-सी होम साइंस तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 47 केंद्रों पर होंगी। विश्वविद्यालय ने इसकी सूची वेबसाइट lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दी है। इस पर विद्यार्थी अपना परीक्षा केंद्र देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र रविवार को जारी होंगे।

ये है परीक्षा केंद्र : लखनऊ विश्वविद्यालय, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कालेज, अवध गर्ल्स डिग्री कालेज, बीएसएनवी पीजी कालेज, डीएवी पीजी कालेज, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कालेज, जेएनपीजी कालेज, लखनऊ क्रिश्चियन कालेज, विद्यांत हिंदू डिग्री कालेज, कालीचरण डिग्री कालेज, सरदार भगत सिंह कालेज आफ एजुकेशन काकोरी, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कालेज फैजाबाद रोड, खुनखुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज चौक, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कालेज आलमबाग, मुमताज डिग्री कालेज, शिया डिग्री कालेज सीतापुर रोड, महाराजा बिजलीपासी राजकीय कालेज आशियाना, महिला महाविद्यालय, सीबी गुप्ता एग्रीकल्चर डिग्री कालेज बीकेटी, आइटी गर्ल्स कालेज, अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज सुंदर नगर, नारी शिक्षा निकेतन गर्ल्स डिग्री कालेज, नवयुग कन्या डिग्री कालेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गर्ल्स डिग्री कालेज, शशि भूषण गर्ल्स डिग्री कालेज, श्री महेश प्रसाद डिग्री कालेज मोहनलालगंज, लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय गोसाईगंज, आदर्श सत्येंद्र महाविद्यालय माल, भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री कालेज गोमती नगर, लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर, बोरा इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस सीतापुर रोड, करियर कान्वेंट गर्ल्स डिग्री कालेज विकास नगर, हीरा लाल यादव गर्ल्स डिग्री कालेज सरोजनी नगर, चरक इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन मौरा, लखनऊ डिग्री कालेज हरदोई रोड, रजत पीजी कालेज कमता, रामा डिग्री कालेज चिनहट, श्री गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, अर्जुनगंज विद्या मंदिर, अमीरुद्दौला इस्लामिया डिग्री कालेज, एसकेडी एकेडमी रायबरेली रोड, इरम गर्ल्स डिग्री कालेज, इंदिरा नगर, ज्ञानोदय डिग्री कालेज अजीज नगर, टेक्नो इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज फैजाबाद रोड, वासुदेव डिग्री कालेज, सीडी गर्ल्स डिग्री कालेज फैजाबाद रोड, डीएसएन महिला महाविद्यालय बीकेटी।

1771 ने दी परास्नातक के विषयों की परीक्षा, 32 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं कालेजों में शनिवार को हुई परास्नातक के विभिन्न विषयों की परीक्षाओं में स्थिति सामान्य रही। दोनों पालियों में 1803 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1771 ने परीक्षा दी। जबकि 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, कालेजों में भी परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गईं। कालीचरण पीजी कालेज ने दोपहर में एमए सोशियोलाजी की परीक्षा से पूर्व गेट पर सघन चेकिंग के बाद ही विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। श्री जय नारायण पीजी कालेज में दोपहर में 98 फीसद परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) में संचालित एमबीए पाठ्यक्रम प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम शनिवार को जारी कर दिया। एमबीए (फाइनेंस एंड कंट्रोल), एमबीए आइबी, एमबीए (एचआर एंडआइआर), एमबीए मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 फरवरी से 14 मार्च तक होंगी। विद्यार्थी परीक्षा कार्यक्रम और प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। संस्थान के ओएसडी प्रो. एमके अग्रवाल ने बताया कि परीक्षाओं के लिए आइएमएस को केंद्र बनाया गया है।

ये है परीक्षा कार्यक्रम एमबीए एफ एंड सी, एमबीए आइबी, एमबीए एचआर, एमबीए मार्केटिंग (बैक पेपर, एक्जेम्प्टेड) ओल्ड कोर्स : 25 फरवरी-क्वांटिटेटिव मैथड्स इन बिजनेस, 28 फरवरी-बिजनेस एनवायरमेंट, दो मार्च-एसेंशियल आफ मैनेजमेंट, चार मार्च-मैनेजरियल इकोनामिक्स, पांच मार्च-कम्युनिकेटिव इंग्लिश, आठ मार्च-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, नौ मार्च-मार्केटिंग मैनेजमेंट, 10 मार्च-फाइनेंशियल एकाउंटिंग, 11 मार्च-इंडियन वैल्यू सिस्टम एंड बिजनेस एथिक्स।

एमबीए एफ एंड सी, एमबीए एचआर, एमबीए मार्केटिंग (बैक पेपर, रेगुलर, एक्जेम्प्टेड) न्यू कोर्स : 25 फरवरी-प्रिंसिपल्स आफ मैनेजमेंट, 28 फरवरी-क्वांटिटेटिव टेक्निक्स फार बिजनेस, चार मार्च-फाइनेंशियल एंड मैनेजमेंट एकाउंटिंग, आठ मार्च-मार्केटिंग मैनेजमेंट, 10 मार्च-ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, 12 मार्च-मैनेजरियल इकोनामिक्स, 14 मार्च-आइटी स्किल्स।

जल्द शुरू होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू कराने के बाद अब जल्द ही इनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी कराया जाएगा। यह कार्य पूर्व की भांति संबंधित विभागों में ही हेड की निगरानी में होगा। परीक्षा विभाग ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि मूल्यांकन की प्रक्रिया, कोडिंग आदि के कार्य के लिए रक्षा अध्ययन विभाग के शिक्षक डा. ओपी शुक्ला को अधीक्षक नियुक्त किया गया है। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षा के बाद लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को पीजी मूल्यांकन प्रकोष्ठ (स्टेट बैंक के पास में) उपलब्ध करा दें।

काफी विद वीसी में कुलपति ने किया छात्रों से संवाद

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के काफी विद वीसी कार्यक्रम के तहत शनिवार को विधि संकाय के छात्र-छात्राओं ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ संवाद किया। कुलपति ने नवीन परिसर स्थित विधि संकाय और मुख्य परिसर के बीच अधिक सहयोग करने वाले प्रयासों का पता लगाया। पुस्तकालय को सुदृढ़ करने, नवीन परिसर और मुख्य परिसर के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने पर जोर दिया गया। (जासं)

सीसी कैमरे दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नकल विहीन परीक्षा कराने के उद्देश्य से सभी विभागों को सीसी कैमरों को क्रियाशील रखने को कहा गया है। शनिवार को इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी कर दिया है। पत्र के मुताबिक परास्नातक की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है। स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 25 फरवरी से शुरू होनी हैं। इसलिए विभागों में लगे सीसी कैमरों की जांच करा लें। (जासं)

प्रो. अरविंद मोहन को डीन कला संकाय का दायित्व

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के डीन कला संकाय पद के दायित्वों के निर्वहन के लिए शनिवार को अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. अरविंद मोहन को जिम्मेदारी सौंप दी गई। डीन कला संकाय बनीं प्रो. प्रेम सुमन शर्मा को 19 फरवरी की दोपहर में यह जिम्मेदारी लेनी थी, लेकिन वह अवकाश पर हैं। इस वजह से प्रो. अरविंद मोहन को प्रो. प्रेम सुमन शर्मा के अवकाश से वापस आने तक जिम्मेदारी दे दी गई। (जासं)

i-NEXT PAGE II

जल्द चेक होंगी कॉपियां और समय पर आएगा रिजल्ट

रिजल्ट समय से जारी करने के लिए परीक्षा विभाग ने कसी कमर

जानकारी के अनुसार इस बार जैसे-जैसे एग्जाम होते रहेंगी, कॉपी भी चेक होती रहेंगी. संभवतः सोमवार से मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी.

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी में 17 फरवरी से पीजी के तीसरे सेमेस्टर के एग्जाम शुरू हुए थे और अब इनके नतीजे समय से जारी करने के लिए परीक्षा विभाग ने तैयारियां कर ली हैं. जानकारी के अनुसार जैसे-जैसे एग्जाम होते रहेंगी, कॉपी भी चेक होती रहेंगी. संभवतः सोमवार से मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. हमेशा की तरह पीजी की कॉपियां संबंधित विभागों में विभागाध्यक्षों की निगरानी में चेक होंगी. पहले कॉपियों की कोडिंग होगी फिर मूल्यांकन होगा. एग्जाम कंट्रोलर विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि कॉपियों के मूल्यांकन में देर नहीं की जाएगी.

पांचवें सेमेस्टर के एग्जाम 26 से

बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स पांचवें और सातवें सेमेस्टर के एग्जाम 26 फरवरी से शुरू होंगे. पांचवें सेमेस्टर के एग्जाम सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और सातवें सेमेस्टर के एग्जाम दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगे.

- **26 फरवरी-** इंट्रोडक्शन टू प्लांट बायोटेक्नोलॉजी
- **02 मार्च-** प्रिंसिपल ऑफ फूड साइंस एंड ह्यूमन न्यूट्रिशन
- **05 मार्च-** पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट ऑफ फ्रूट्स एंड वेजीटेबिल्स
- **09 मार्च-** क्रॉप्स पेस्ट्स एंड इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट
- **11 मार्च-** प्लांट पैथोलॉजी क्रॉप डिजीज एंड देयर मैनेजमेंट
- **14 मार्च-** वीड मैनेजमेंट
- **21 मार्च-** स्वाएल फर्टिलिटी, फर्टीलाइजर्स एंड इंटीग्रेटेड न्यूट्रिशन मैनेजमेंट
- **26 फरवरी-** डेयरी लैंड फार्मिंग एंड वॉटरशेड मैनेजमेंट
- **02 मार्च-** एग्रो फॉरेस्ट्री एंड सोशल फॉरेस्ट्री,
- **05 मार्च-** प्लांटेशन क्रॉप, स्पिशीज, मेडिकल एंड एरोमेटिक क्रॉप
- **09 मार्च-** मैनेजमेंट ऑफ प्रॉब्लम स्वाएल एंड वेस्टलैंड
- **11 मार्च-** एनिमल न्यूट्रिशन इनक्लूडिंग फॉरेग एंड ग्रासेस
- **14 मार्च-** कम्प्यूटर एप्लीकेशन

एमबीए फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 25 फरवरी से होंगे

elucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में संचालित एमबीए कोर्स के फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम का शेड्यूल जारी कर दिया है. यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर पूरा कार्यक्रम देखा जा सकता है. आईएमएस के एमबीए (फाइनेंस एंड कंट्रोल), एमबीए आईबी, एमबीए (एचआर एंड आईआर), एमबीए मार्केटिंग फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 25 फरवरी से 14 मार्च तक होंगे. आईएमएस के एसओडी प्रो. एमके अग्रवाल ने बताया कि एग्जाम सीतापुर रोड स्थिति न्यू कैम्पस आईएमएस बिल्डिंग में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होंगे.

यह है एग्जाम शेड्यूल

एमबीए एफ एंड सी, एमबीए आईबी, एमबीए एचआर, एमबीए मार्केटिंग (बैक पेपर, एक्जेम्पटेड) ओल्ड सिलेबा
○25 फरवरी- क्वांटिटेटिव मैथड्स इन बिजनेस ○ 28 फरवरी- बिजनेस एनवायरमेंट ○02 मार्च- एसेंशियल ऑफ मैनेजमेंट ○04 मार्च- मैनेजरियल इकोनॉमिक्स ○05 मार्च- कम्युनिकेटिव इंग्लिश ○08 मार्च- ह्यूमन रिर्सोस मैनेजमेंट ○09 मार्च- मार्केटिंग मैनेजमेंट ○10 मार्च- फाइनेंशियल अकाउंटिंग ○11 मार्च-इंडियन वैल्यू सिस्टम एंड बिजनेस एथिक्स.

एमबीए एफ एंड सी, एमबीए एचआर, एमबीए मार्केटिंग न्यू कोर्स : (रेगुलर, बैक पेपर, एग्जेंप्टेड)
○25 फरवरी- प्रिंसिपल आफ मैनेजमेंट ○ 28 फरवरी- क्वांटिटेटिव टेकनिक्स फार बिजनेस ○04 मार्च- फाइनेंशियल एंड मैनेजमेंट अकाउंटिंग ○08 मार्च- मार्केटिंग मैनेजमेंट ○10 मार्च- ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट ○12 मार्च- मैनेजरियल इकोनामिक्स ○ 14 मार्च-आईटी स्किल्स

47 सेंटर्स पर यूजी ऑड सेमेस्टर एग्जाम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी और सहयुक्त कॉलेजों में यूजी के ऑड सेमेस्टर तीसरे, पांचवें के एग्जाम 25 फरवरी से होने हैं, जिसके लिए सेंटर्स तय कर दिए हैं. एलयू समेत शहर के लगभग सभी प्रमुख कॉलेजों में बने इन सेंटर्स की संख्या 47 है.

8 को जारी हुआ था कार्यक्रम

8 फरवरी को यूजी एग्जाम का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया गया था. एग्जाम 25 फरवरी से शुरू होकर आठ अप्रैल तक चलेंगे. जारी किए गए एग्जाम कार्यक्रम में सबसे लम्बे समय यानी 08 अप्रैल तक बीए पांचवे सेमेस्टर के एग्जाम होंगे. वहीं बीए सेमेस्टर थ्री इयर के एग्जाम 28 मार्च तक होंगे. बीकॉम के एग्जाम 14 मार्च तक, बीएससी की 2 अप्रैल तक होंगे.

सेंटर्स पर एक नजर

एलयू कैंपस, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, डीएवी पीजी कॉलेज, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कॉलेज, जेएनपीजी कॉलेज, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, विद्यांत हिन्दू डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कॉलेज, सरदार भगत सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, खुनखुनजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, कृष्णादेवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मुमताज डिग्री कॉलेज, शिया पीजी कॉलेज, महाराजा बिजली पासी राजकीय कॉलेज, महिला कॉलेज आदि.

वीसी ने किया छात्रों से किया संवाद

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के काफी विद वीसी कार्यक्रम के तहत शनिवार को विधि संकाय के छात्र-छात्राओं ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के साथ संवाद किया. इस दौरान कुलपति ने नवीन परिसर स्थित विधि संकाय और मुख्य परिसर के बीच अधिक सहयोग करने वाले प्रयासों का पता लगाया. पुस्तकालय को सुदृढ़ किये जाने, नवीन परिसर और मुख्य परिसर के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित करने पर जोर दिया गया. कार्यक्रम में इंद्र दमन तिवारी, प्रतीक त्रिपाठी, प्रिया चौधरी, अमृत सिंह, आयुषी गुप्ता, प्रतिभा खत्री और लावण्या चौधरी उपस्थित रही.

सीसी कैमरे दुरुस्त रखने के निर्देश

लखनऊ विश्वविद्यालय ने नकल विहीन परीक्षा कराने के उद्देश्य से सभी विभागों को सीसी कैमरों को क्रियाशील रखने को कहा गया है. इस दौरान कुलपति ने इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी कर दिया है. पत्र के मुताबिक परास्नातक की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं. स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 25 फरवरी से शुरू होनी हैं. इसलिए अपने विभागों में लगे सीसी कैमरों की जांच करा लें.

प्रो. अरविंद मोहन डीन कला संकाय

एलयू के डीन कला संकाय पद के दायित्वों के निर्वहन के लिए अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. अरविंद मोहन को जिम्मेदारी सौंप दी गई. डीन कला संकाय बनी प्रो. प्रेम सुमन शर्मा को 19 फरवरी की दोपहर में यह जिम्मेदारी लेनी थी, लेकिन वह अवकाश पर हैं. उनके न रहने पर वरिष्ठता सूची के अनुसार प्रो. अरविंद अवस्थी को कार्यभार देने का विचार किया गया. उनके भी अवकाश पर होने पर प्रो. अरविंद को प्रो. प्रेम सुमन के अवकाश से वापस आने तक जिम्मेदारी दे दी गई.

AMRIT VICHAR PAGE 5

47 केन्द्रों पर होगी स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ

लविवि समेत शहर के सभी प्रमुख कॉलेज बनाए गए हैं केन्द्र

लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त कॉलेजों में कोविड संक्रमण के कारण स्थगित हुई स्नातक के विषम सेमेस्टर (तीसरे, पांचवे) की परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होनी हैं। इनके लिए परीक्षा केन्द्र तय कर दिए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय समेत शहर के लगभग सभी प्रमुख कॉलेजों में बने इन केन्द्रों की संख्या 47 है। केन्द्रों की पूरी सूची लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है। बता दें कि बीती आठ फरवरी को स्नातक परीक्षाओं का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया गया था। यह परीक्षा कार्यक्रम भी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। यूजी की ये स्थगित की गई सेमेस्टर परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होकर आठ अप्रैल तक चलेंगी। जारी किए गए परीक्षा कार्यक्रम में सबसे लम्बे समय यानी 08 अप्रैल तक बीए पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। वहीं बीए सेमेस्टर तीन की परीक्षाएं 28 मार्च तक चलेंगी। बीकॉम की परीक्षाएं 14 मार्च तक, बीएससी की 2 अप्रैल तक होंगी। तीसरे सेमेस्टर के लिए सुबह की पाली (सुबह 9 से दोपहर 12) और पांचवे सेमेस्टर के लिए दोपहर की पाली (दोपहर 2 से शाम 5) का समय निर्धारित किया गया है।

स्नातक परीक्षाओं के लिए प्रमुख केन्द्र : लखनऊ विवि परिसर, एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज, बीएसएनवी पीजी कॉलेज, डीएवी पीजी कॉलेज, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कॉलेज, जेएनपीजी कॉलेज, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज, विद्यांत हिन्दू डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कॉलेज, सरदार भगत सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, खुनखुनजी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, कृष्णादेवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज, नारी शिक्षा निकेतन, नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गर्ल्स डिग्री कॉलेज समेत अन्य कॉलेज हैं।

लविवि : एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) में संचालित एमबीए कोर्स के फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया। आईएमएस के एमबीए (फाइनेंस एंड कंट्रोल), एमबीए आईबी, एमबीए (एचआर एंड आईआर), एमबीए मार्केटिंग प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 25 फरवरी से शुरू होकर 14 मार्च तक आयोजित की जायेंगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षा शेड्यूल अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। आईएमएस के एसओडी प्रो. एमके अग्रवाल ने बताया कि यह परीक्षा सीतापुर रोड स्थिति न्यू कैम्पस स्थित आईएमएस बिल्डिंग में आयोजित होगी। परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित है।

लविवि : परीक्षा के साथ ही होगा मूल्यांकन का कार्य

अमृत विचार, लखनऊ

जल्द आयेंगे नतीजे

लखनऊ विश्वविद्यालय में 17 फरवरी से पीजी के तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हुई थीं और अब इनके नतीजे समय से घोषित करने के लिए विवि के परीक्षा विभाग ने जरूरी तैयारियां कर ली हैं। जैसे-जैसे परीक्षाएं होती रहेंगी, कॉपियां चेक करने का काम भी होता रहेगा। संभवतः सोमवार से मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू भी हो जाएगी। बता दें कि हमेशा की तरह पीजी की कॉपियां सम्बंधित विभागों में उनके विभागाध्यक्षों की निगरानी में ही होगी। इस क्रम में पहले कॉपियों की कोडिंग होगी फिर मूल्यांकन शुरू होगा।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि कोविड के कारण परीक्षाओं में पहले ही देर हो चुकी है। इसलिए अब पीजी की कॉपियों के मूल्यांकन में देर नहीं की जाएगी।

TRUE TIMES PAGE 2

वैवाहिक मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए केन्द्र में शादी के लिये लड़कियों के आयु २1 वर्ष करने पर ई-कार्यशाला हुई

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस के अन्तर्गत स्थापित वैवाहिक मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए महिला सशक्तिकरण केन्द्र में आज एक ई-कार्यशाला के आयोजन के अवसर पर बोलते हुये काश्मीर विश्वविद्यालय के विधि विभाग की संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. ब्यूटी बान्ड्रे ने कहा कि मुस्लिमों में विवाह के समय लड़कियों की उम्र का निर्धारण योवनावस्था या पयूबर्टी से होता है, यदि इस संबंध में साक्ष्य उपलब्ध न हो तो 15 वर्ष की आयु के पूरे होने पर योवनावस्था प्राप्त माना जाता है। उन्होंने बताया कि यदि विवाह के समय पक्षकारों की आयु 15 वर्ष से कम होती है तो उन्हें यह अधिकार है कि वे 15 वर्ष के बाद विवाह को भंग करा सकते है। इस अवसर पर उन्होनें इस्लाम के अन्तर्गत विवाह एवं तलाक संबंधी काननों की जानकारी दी।

जामिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्रोफेसर अरशद मल्लिक ने कहा कि इस्लाम में विवाह के समय लड़कियों की शारीरिक समक्षता पर ज्यादा जोर दिया गया है। इस संबंध में उन्होने अनेकों न्यायिक निर्णयों की विवेचना भी की और बताया कि विवाह और तलाक के समय पक्षकारों का सक्षम होना अनिवार्य है उन्होंने ट्रिपल तलाक के बारे में वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

इस अवसर पर रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंहं ने हिन्दू विधि के अन्तर्गत विवाह-विच्छेद कानूनों की विस्तृत व्याख्या की और कहा विवाह के लिए लड़कियों की उम्र के संबंध में हिन्दू विवाह में अलग कानून है। हिन्दू कानून के अन्तर्गत विवाह के समय लड़की की आयु 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष होनी चाहिए। यद्यपि इस नियम का उल्लंघन होता है तो भी हिन्दू विवाह अधिनियम के अन्तर्गत विवाह वैध रहेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कानूनों में एकरूपता नहीं है। व्यक्तिगत विधि के अन्तर्गत अन्य कानूनों जैसे क्रिश्चियन विधि, पारसी विधि में भी लगभग यही स्थिति है।

इस अवसर पर विधि संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 राकेश कुमार सिंह ने बताया कि विवाह के समय पक्षकारों की उम्र को लेकर समय-समय पर कानूनों में संशोधन होता रहा है। वैदिक काल में वयस्क विवाह पर जोर दिया गया था जबकि विभिन्न स्मृतिकारों द्वारा अल्प आयु में ही विवाह पर जोर दिया गया। शारदा अधिनियम, 1929 द्वारा लड़कियों की आयु न्यूनतम 14 वर्ष रखा गया जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद में 15 वर्ष कर दिया गया और बाल-विवाह निरोधक अधिनियम, 1978 द्वारा इसे 18 वर्ष कर दिया गया। बालविवाह निरोधक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत इस संबंध में कठोर कार्यवाही की व्यवस्था की गयी है जिसके अन्तर्गत 2 वर्ष के करावास और अधिकतम 1 लाख रूपये जुर्माने तक का प्रावधान है। प्रो. सिंह ने बताया कि केन्द्र द्वारा सर्वे के अन्तर्गत अबतक पाया गया है कि ज्यादातर लड़कियाँ 21 वर्ष करने के पक्ष में है इसकी बड़ी वजह ज्यादातर कैरियर के प्रति जागरूकता रही है।

इस संबंध में समाजशास्त्रिय, अर्थशास्त्रीय, धार्मिक एवं विधिशास्त्रिय दृष्टिकोण भी अलग-अलग है। जून 2020 में जया जेटली के निदेशन में गठित कमेटी के प्रस्ताव पर ही संसद में अभी हाल में ही लड़कियों की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने का प्रस्ताव लाया है। कई उदारवादी लोग इसे महिला सशक्तिकरण से भी जोड़कर देख रहे है जिसके अन्तर्गत असमानता, आर्थिक एवं सामाजिक आयाम भी शामिल है। इस संबंध में दो दलीले प्रमुख रूप से दी जा रही है, एक है बालविवाह और दूसरा जनसंख्या नियंत्रण।

अन्त में वक्ताओं ने गाधीजी से इस कथन पर जोर दिया कि विधायन के माध्यम से प्रचलित कुरीतियों को समाप्त नहीं किया जा सकता है लेकिन सामाजिक जागरूकता के द्वारा ही यह संभव है। अन्त में विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो0 सी0पी0सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

ट्रू टाइम्स संवाददाता

'युवाशक्ति के तीन हैं काम, शिक्षा सेवा और मतदान' के सन्देश के साथ युवाओं का आह्वाहन करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति लविवि प्रो. अलोक कुमार राय ने कहा कि छात्र ही विश्वविद्यालय एवं देश के लोकतंत्र का केद्र हैं, जागरूक युवाओं द्वारा ही सशक्त लोकतंत्र का निर्माण संभव है, आपने कहा कि मतदान ही लोकतंत्र का आधार है, इसलिए हम सबको अपने आस पास के जन समुदाय को मतदान हेतु प्रेरित कर शत-प्रातिशत मतदान सुनिश्चित कराना, हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, आपने युवाओं का आह्वाहन करते हुए कहा कि प्रत्येक युवा कम से कम 5-5 लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करें, जिससे अधिक सेअधिक लोग मतदान केंद्र पहुँच कर अपने मताधिकार का सदुपयोग कर सकें। आपने हस्ताक्षर अभियान एवं मत वृक्ष के वृक्षारोपण द्वारा 'मेरा वोट मेरी पहचान' का भी सन्देश दिया।

उपरोक्त उद्बोधन कुलपति ने शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित हस्ताक्षर अभियान एवं पोस्टर, स्लोगन, भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह में दिया । कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ विश्वविद्यालय एवं दीप इन्फोटेक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लखनऊ विश्विद्यालय के टैगोर पुस्तकालय सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने 'छात्र शक्ति महाशक्ति' के नारे के साथ ने छात्रों से जागरूक मतदाता होने की अपील करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा, आपने राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया ।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कराए गए पोस्टर, स्लोगन, भाषण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को कुलपति जी द्वारा पुरस्कृत भी किया गया ।

पोस्टर सृजन प्रतियोगिता में अमन, दक्ष, स्नेहा, तनु, स्लोगन लेखन में स्नेहा, मिताली वर्मा, वैशाली वर्मा (महिला महाविद्यालय), अंशिमा (लविवि), व भाषण प्रतियोगिता में शिवांशी मिश्रा (आई टी कॉलेज) सुभाष चन्द्र और कविता मिश्रा (लविवि) को एवं प्रश्नोत्तरी में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी जी, राष्ट्रीय सेवा योजना लविवि के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रूपेश कुमार, टैगोर पुस्ताकयाध्यक्ष प्रो डी के सिंह, डॉ ज्योति मिश्रा, डॉ प्रविश प्रकाश के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अलका मिश्रा, डॉ मोहिनी गौतम (लविवि) डॉ चित्र सिंह डॉ सरिता खालको (आईटी कॉलेज) व डॉ ऋतू (महिला महाविद्यालय) एवं स्वयंसेवक मौजूद थे।

काफी विथ वीसी शृंखला के तहत छात्र-छात्राओं से संवाद

ट्रू टाइम्स संवाददाता

काफी विथ वीसी' श्रृंखला के तहत 19 फरवरी 2022 को विधि संकाय के छात्र-छात्राओं और माननीय कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, प्रो. आलोक कुमार राय, के साथ विस्तृत रूप से संवाद किया गया।

प्रो राय द्वारा शुरू, और डीन स्टूडेंट वेलफेयर द्वारा आयोजित इस अभिनव प्रयास में संस्थान को विकसित और सशक्त करने की अपार संभावनाएं हैं।

प्रो. राय ने छात्रों के साथ इस अनौपचारिक बातचीत के महत्व पर जोर दिया और कहा कि इस तरह का सेट-अप एक शैक्षणिक संस्थान के लिए सही मिश्रण बनाने में निरंतर सुधार के लिए मार्ग प्रदान और प्रशस्त करता है क्योंकि छात्र ही अकादमिक संस्थान में सबसे महत्वपूर्ण हितधारक होते हैं। इससे पहले इस श्रृंखला के तहत अंग्रेजी और व्यवसाय प्रशासन विभाग के छात्रों ने परिसर में अनुभवजनित सुझावों को साझा किया था।

आज विधि संकाय के छात्रों ने कुलपति के साथ बातचीत में विश्वविद्यालय के प्रति उनके प्रगतिशील और सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की ।

इस अवसर पर कुलपति ने छात्रों से संवाद स्थापित कर नवीन परिसर स्थित विधि संकाय और मुख्य परिसर के बीच अधिक सहयोग करने वाले प्रयासों का पता लगाया। चर्चा किए गए अन्य मुद्दों में पुस्तकालय को सुदृढ किये जाने, नवीन परिसर और मुख्य परिसर के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित करने पर जोर दिया गया। कुलपति प्रो. राय ने कानून के छात्रों को सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए मुख्य परिसर के कार्यक्रमों मे सक्रिय भागीदारी के लिए आमंत्रित किया और उन्हें मुख्य परिसर में अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की भी पेशकश की। बातचीत के बाद छात्र काफी उत्साहित रहे और उन्होनें विश्वविद्यालय के उत्थान मे सक्रिय भागीदारी का संकल्प जताया । विधि संकाय के विभिन्न कार्यक्रमों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात छात्रों में पीएचडी से इंद्र दमन तिवारी और प्रतीक त्रिपाठी शामिल थे; प्रिया चौधरी एलएलबी (ऑनर्स।) 5 वां वर्ष; अमृत ??सिंह एलएलबी ऑनर्स चौथा वर्ष, आयुषी गुप्ता (एलएलबी ऑनर्स तृतीय वर्ष); प्रतिभा खत्री (एलएलबी ऑनर्स द्वितीय वर्ष), और लावण्या चौधरी (एलएलबी ऑनर्स द्वितीय वर्ष)।